संत जेवियर सीनियर सेकंडरी विद्यालय, दिल्ली -54

| | | |
|---|---|---|
| कक्षा - 8 | वार्षिक परीक्षा 2023 - 24 | पूर्णांक - 60 |
| दिनांक - 28.2.2024 | हिंदी | समय - 2 घंटे 30 मिनट |

निर्देश- 1. इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं (क) तथा (ख)

2. प्रश्न ध्यान से पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।

3. सुलेख का विशेष ध्यान रखिए।

**खंड (क)**

प्र 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर लिखिए (कोई चार) - (1x4=4)

दुनिया की हर एक चीज़ हमें शिक्षा देती है। एक दिन मैं धूप में घूम रहा था। चारों तरफ़ बड़े-बड़े हरे वृक्ष दिखाई दे रहे थे। मैं सोचने लगा कि 'ऊपर से इतनी कड़ी धूप पड़ रही है, फिर भी ये वृक्ष हरे कैसे हैं?' वे वृक्ष मेरे गुरु बन गए। मेरी समझ में आ गया कि जो वृक्ष ऊपर से इतने हरे-भरे दिखते हैं, उनकी जड़ें ज़मीन में गहराई तक पहुँची हैं और वहाँ से उन्हें पानी मिल रहा है।

इस तरह अंदर से पानी और ऊपर से धूप, दोनों की कृपा से यह सुंदर हरा रंग उन्हें मिला है। इसी तरह हमें अंदर से भक्ति का पानी और बाहर से कठोर मेहनत की धूप मिले, तो हम भी पेड़ों जैसे हरे-भरे हो जाएँ। हम ज्ञान की दृष्टि से परिश्रम को नहीं देखते, इसलिए उसमें तकलीफ़ मालूम होती है। ऐसे लोगों को रोग मुक्ति और ज्ञान कभी मिलने वाला नहीं।

प्रकृति हमें सिर्फ़ और सिर्फ़ देना सिखाती है। बिना किसी स्वार्थ के सिर्फ़ बाँटना सिखाती है। प्रकृति ने हमें वायु, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, नदियाँ, सरोवर, झरने, समुद्र, जंगल, पहाड़, खनिज आदि और न जाने कितने प्राकृतिक संसाधन दिए हैं। इन सभी से हमें साँस लेने के लिए शुद्ध हवा, पीने के लिए पानी, भोजन, वस्त्र आदि मिलते हैं जो हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक हैं। प्रकृति से हमें जीवन जीने की उमंग मिलती है। यही नहीं, प्रकृति एक प्राकृतिक पर्यावरण भी है जो हमारे चारों तरफ़ एक सुरक्षा कवच प्रदान करती है और हमें मुसीबतों से बचाती है।

1. 'वृक्ष' गुरु कैसे बन गए?
   (क) वृक्षों को देखकर लेखक का आनंद लेना।
   (ख) वृक्षों को देखकर यह शिक्षा मिली कि वे हरे क्यों होते हैं।
   (ग) वृक्षों को देखकर लेखक के मन में प्रकृति के प्रति प्रेम जगा।
   (घ) इनमें से कोई नहीं।
2. वृक्षों के हरे होने का लेखक को क्या कारण समझ में आया?
   (क) वृक्षों के पत्ते हरे होते हैं। (ख) वृक्षों को ऊपर से धूप मिलती है।
   (ग) वृक्षों को जड़ों द्वारा जमीन से पानी मिलता है। (घ) ऊपर से धूप और जमीन से पानी मिलता है।
3. 'हम भी पेड़ों की तरह हरे-भरे हो जाएँ' से लेखक का तात्पर्य है-
   (क) हम भी धूप और पानी में खड़े हो सकते हैं। (ख) हम भी वृक्षों की तरह मजबूत हो सकते हैं।
   (ग) हमारी आयु भी वृक्षों की तरह लंबी हो सकती है।
   (घ) हम भी आनंद और उल्लास से भरा जीवन जी सकते हैं।
4. 'हम ज्ञान की दृष्टि से परिश्रम को नहीं देखते।' पंक्ति से लेखक का तात्पर्य है-
   (क) पढ़-लिखकर परिश्रम नहीं करते। (ख) ज्ञानी लोगों की तरह परिश्रम नहीं करते।
   (ग) समझदारी के साथ उपयोगी श्रम नहीं करते। (घ) इनमें से कोई नहीं।
5. प्राकृतिक संसाधन हमें देते हैं-
   (क) साँस लेने के लिए शुद्ध जल और वायु। (ख) जीवन जीने की उमंग।
   (ग) खाने के लिए भोजन-सामग्री और वस्त्र। (घ) सभी विकल्प सही हैं।

Contd.....2.

प्र 2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर लिखिए - (1x4=4)

देश हमें देता है सब कुछ,
हम भी तो कुछ देना सीखें।
सूरज हमें रोशनी देता,
हवा नया जीवन देती है।
भूख मिटाने को हम सबको,
धरती पर होती खेती है।
औरों का भी हित हो जिसमें,
हम ऐसा कुछ करना सीखें।
पथिकों को जलती दुपहर में
पेड़ सदा देते हैं छाया,
खुशबू भरे फूल देते हैं,
हमको नव फूलों की माला,
त्यागी तरुओं के जीवन से
हम भी तो कुछ देना सीखें।
जो अनपढ़ हैं उन्हें पढ़ाएँ,
जो चुप हैं उनको वाणी दें,
पिछड़ गए जो उन्हें बढ़ाएँ,
समरसता का भाव जगा दें।
हम मेहनत के दीप जलाकर,
नया उजाला करना सीखें।
देश हमें देता है सब कुछ,
हम भी तो कुछ देना सीखें।

1. 'देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें', पंक्ति के माध्यम से कवि देश के लोगों से क्या आशा नहीं कर रहा है?
   (क) हम सब परिश्रम करें और दूसरों का कल्याण करें।
   (ख) जिस तरह से भी संभव हो, देश के पिछड़े लोगों को आगे बढ़ाएँ।
   (ग) अशिक्षित लोगों को शिक्षित कर देश का ऋण चुकाएँ।
   (घ) सभी देशवासी परिश्रम न करें और समाज में अपना वर्चस्व स्थापित न करें।
2. कवि के अनुसार देश हमें क्या देता है?
   (क) आश्चर्य (ख) धन-धान्य (ग) रोज़गार के अवसर (घ) सब कुछ देता है
3. हम किससे देना सीख सकते हैं?
   (क) देश और धरती से (ख) सूरज और हवा से
   (ग) वृक्षों और फूलों से (घ) ये सभी विकल्प सही हैं
4. कवि ने 'त्यागी' का संबोधन किसके लिए किया है?
   (क) सूरज के लिए (ख) धरती के लिए (ग) वृक्षों के लिए (घ) फूलों के लिए
5. कवि हमें क्या सीखने की प्रेरणा देता है?
   (क) कवि हमें सबको कुछ देने की प्रेरणा देता है। (ख) कवि हमें मेहनत करने की प्रेरणा देता है।
   (ग) कवि हमें दूसरों के हित के लिए जीने की प्रेरणा देता है।
   (घ) ये सभी विकल्प सही हैं।

प्र 3. व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए - (1x12=12)

1. 'निर्+धन' - उपसर्ग व मूल शब्द को मिलाकर नया शब्द लिखिए।
2. 'कड़वा+ आहट' - मूल शब्द व प्रत्यय को मिलाकर नया शब्द लिखिए।
3. 'मेरे जन्मदिन की दावत में बहुत लोग आए।' – वाक्य में से विशेषण पहचान कर भेद का नाम लिखिए।
4. 'माली पौधों में पानी दे रहा है।' - मुख्य क्रिया पहचान कर लिखिए।
5. 'खाना खाने के ______ हम चल दिए।' - संबंध बोधक अव्यय से वाक्य पूर्ण करें।
6. 'मैं---------- अभ्यास करता हूँ।' - कालवाचक क्रिया विशेषण से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
7. '_________! हम जीत गए।' - रिक्त स्थान की पूर्ति विस्मयादिबोधक शब्द से करें।
8. 'नीली है जो गाय' - समस्त पद व समास का नाम लिखिए।
9. 'नवरात्रि' - विग्रह कर समास का नाम लिखिए।
10. 'सुख और दुख'- समस्त पद व समास का नाम लिखिए।
11. 'उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे' ---- लोकोक्ति का सही अर्थ लिखिए।
12. 'परिश्रम की तुलना में फल बहुत कम' ---- यह अर्थ किस लोकोक्ति का है।

Contd.....3.

**<u>खंड (ख)</u>** (पाठय पुस्तक 'वसंत' व 'ज्ञान सागर' पर आधारित )

प्र 4. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर, निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कर, शब्दों में उत्तर लिखिए (कोई चार) - (1X4=4)

साँप सोचने लगा कि बाज़ अभागा था जिसने आकाश की आज़ादी को प्राप्त करने में अपने प्राणों की बाज़ी लगा दी। किंतु कुछ देर बाद साँप के आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। उसने सुना , चट्टानों के नीचे से एक मधुर, रहस्यमय गीत की आवाज़ उठ रही है। पहले उसे अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ। किंतु कुछ दिन बाद गीत के स्वर अधिक साफ़ सुनाई देने लगे। वह अपनी गुफ़ा से बाहर आया और चट्टान से नीचे झाँकने लगा। सूरज की सुनहरी किरणों में समुद्र का नीला जल झिलमिला रहा था। चट्टानों को भिगोती हुई समुद्र की लहरों में गीत के स्वर फूट रहे थे। लहरों का यह गीत दूर -दूर तक गूँज रहा था।

1. इस गद्यांश के पाठ व लेखक का नाम है -
   (क) बस की यात्रा और हरिशंकर परसाई (ख) लाख की चूड़ियाँ और कामतानाथ
   (ग) कामचोर और इस्मत चुगताई (घ) बाज़ और साँप और निर्मल वर्मा
2. मधुर व रहस्यमय आवाज़ कहाँ से आ रही थी ?
   (क) आकाश से (ख) साँप की गुफ़ा में से (ग) पहाड़ों से (घ) चट्टानों के नीचे से
3. इस गद्यांश का काल और विधा है -
   (क) भक्तिकाल और नाटक (ख) आधुनिक काल और कहानी
   (ग) भक्तिकाल और कहानी (घ) आधुनिक काल और निबंध
4. बाज़ के लिए किसने गीत गाया ?
   (क) पक्षियों ने (ख) साँप ने (ग) लहरों ने (घ) चट्टानों ने

प्र 5. दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कर, शब्दों में उत्तर लिखिए : (1X4=4)

तैरें लाल मेरौ माखन खायौ।
दुपहर दिवस जानि घर सूनो, ढूंढि - ढँढोरि आपही आयौ।
खोलि किवारि , पैठि मंदिर मैं, दूध - दही सब सखनि खवायौ।
ऊखल चढ़ि ,सींके कौ लीन्हौ , अनभावत भुइँ मैं ढरकायौ।
दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढोटा कौनैं ढँग लायौ।
सूर स्याम कौं हटकि न राखै तैं ही पूत अनोखौ जायौ।

1. दी गई पंक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं –
   (क) यह सबसे कठिन समय नहीं (ख) दीवानों की हस्ती
   (ग) सुदामा चरित (घ) सूरदास के पद
2. इन काव्य - पंक्तियों की भाषा है -
   (क) संस्कृत भाषा (ख) मिश्रित खिचड़ी भाषा (ग) ब्रज भाषा (घ) खड़ी बोली हिंदी भाषा
3. दी गई पंक्तियों के कवि का नाम और काल होगा -
   (क) सूरदास और भक्तिकाल (ख) कबीरदास और भक्तिकाल
   (ग) रामदरश मिश्र और आधुनिककाल (घ) हरिशंकर परसाई और आधुनिककाल
4. प्रस्तुत पद में 'ढोटा' शब्द का अर्थ है -
   (क) धोती (ख) कुर्ता (ग) छोटी (घ) लड़का

प्र 6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के 25-30 शब्दों में उत्तर दीजिये : (2X2=4)

1. बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को; बदलू मामा न कहकर बदलू काका क्यों कहता था ?
2. बाज़ के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया ?
3. बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई ?

Contd.....4.

प्र 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के 25-30 शब्दों में उत्तर दीजिये : (2X2=4)

1. 'दीवानों की हस्ती' कविता में ऐसी कौन - सी बात है जो आपको सबसे अच्छी लगी ? और क्यों ?
2. सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई ?
3. चिड़िया चोंच में तिनका दबाकर उड़ने की तैयारी में क्यों है ? वह तिनकों का क्या करती होगी ?
4. श्रीकृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या - क्या सोच रहे थे ?

प्र 8. वसंत पाठ्य पुस्तक में दिए गए पाठों पर आधारित शब्दों में से किन्हीं पाँच शब्दों के अर्थ लिखिए : (1X5=5)

1. बेनी
2. पगा
3. अजहूँ
4. पैतृक
5. शिखर
6. हस्ती
7. तनख्वाह

पूरक पुस्तक; ज्ञान सागर पर आधारित प्रश्न

प्र 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के 25-30 शब्दों में उत्तर दीजिये : (2X2=4)

1. नवदीप क्यों परेशान था ?
2. सूर्यसेन दिखने में कैसे थे ?
3. नवदीप के मन में लालच क्यों आया ?

प्र 10. निम्नलिखित संवाद पढ़कर लिखिए , यह संवाद किसने - किससे कहा है : (कोई 3 हल करें) (1X3=3)

1. आपने सुना , सतीशराज ह्रदय गति रुकने से मर गया।
2. देश गाँधी जी के सत्याग्रह से नहीं, गोले—बारूद से स्वतंत्र होगा।
3. बाबू ! सूखी तनख्वाह से गुज़ारा नहीं चलता। हमारा आपसे वर्षों से काम पड़ता आया है।
4. अभी कुछ काम बाकी है। इसे निपटाना आवश्यक है।
5. क्या बात है ? आज घर नहीं चलना है ?

प्र 11. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : (4)

1. परिश्रम सफलता की कुंजी है।
2. ईमानदारी - एक जीवन शैली
3. सर्दी की सुबह

प्र 12. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए : (4)

क. टी. वी. के बढ़ते प्रभाव के सम्बन्ध में समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

अथवा

ख. कुसंगति से बचने की प्रेरणा देते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।

प्र 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए : (4)

क. परीक्षा में कम अंक आने पर पिता -पुत्र में संवाद लिखिए।

अथवा

ख. अंडमान -निकोबार और लक्षद्वीप पर आपने अपने मित्र के साथ एक वीडियो देखी । इस राज्य की विशेषताओं पर दो मित्रों के बीच का संवाद लिखिए।

*****